# कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/यू0जी0–2022/

लखनऊःदिनांक 05 दिसम्बर, 2022

## यू0पी0 नीट यू0जी0–2022 (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) के ऑनलाइन मॉप–अप राउन्ड की समय–सारिणी तथा आवश्यक दिशा–निर्देश

राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रम (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) में प्रवेश हेतु ऑन–लाइन मॉप–अप राउन्ड की समय सारिणी निम्नवत् है:–

| क्रंस | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन तथा रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करने की तिथि | दिनांक 06 दिसम्बर 2022 सायं 02:00 बजे से दिनांक 09 दिसम्बर 2022 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| 2 | सिक्योरिटी फीस जमा करने की तिथि | दिनांक 06 दिसम्बर 2022 सायं 02:00 बजे से दिनांक 9 दिसम्बर 2022 |
| 3 | मेरिट लिस्ट जारी किये जाने की सम्भावित तिथि | दिनांक 09 दिसम्बर 2022 |
| 4 | ऑनलाईन च्वाईस फिलिंग | 10 दिसम्बर 2022 मध्याह्न 12:00 बजे से 13 दिसम्बर 2022 |
| 5 | परिणाम घोषित करने की तिथि | 15 दिसम्बर 2022 |
| 6 | आवंटन पत्र डाउनलोड करने तथा प्रवेश लेने की तिथि | दिनांक 16 दिसम्बर 2022 से 18 दिसम्बर 2022 |

- दिव्यांगता प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित केन्द्रों से जारी प्रारूप पर ही मान्य होगें।
- मॉप–अप राउन्ड में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को रू0 1000/– पंजीकरण शुल्क ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग/डेबिड कार्ड/केडिट कार्ड के माध्यम से जमा करते हुये एन0आई0सी0 की वेबसाईट https://upneet.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- मॉप–अप राउन्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हे यू0पी0 नीट यू0जी0 2022 की प्रथम एवं द्वितीय कांउसिलिंग के द्वारा एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम की कोई भी सीट आवंटित न हुई हो। बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम मे आवंटन प्राप्त अभ्यर्थी केवल एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम मे उच्चीकरण (upgrade) हेतु अर्ह होंगे।
- यू0पी0 नीट यू0जी0 2022 की प्रथम या द्वितीय कांउसिलिंग से एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम मे आवंटन प्राप्त प्रवेशित/अप्रवेशित/त्याग पत्र देने वाले अभ्यर्थी मॉप–अप राउन्ड हेतु अर्ह नही है।
- ऐसे अभ्यर्थी जो आल इण्डिया कोटा अथवा अन्य प्रदेशो की काउन्सिलिंग से किसी भी मेडिकल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय में नीट यू0जी0–2022 के माध्यम से प्रवेशित है, वह मॉप अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होगे।
- **राजकीय क्षेत्र की सीटों हेतु रू0 30,000/– (रू0 तीस हजार मात्र), निजी क्षेत्र की एम0बी0बी0एस पाठ्यक्रम की सीटों हेतु रू0 200,000/– (रू0 दो लाख मात्र) तथा निजी क्षेत्र की बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों हेतु रू0 1,00,000/– (रू0 एक लाख मात्र) की सिक्योरिटी धनराशि ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग/डेबिड कार्ड/केडिट कार्ड के माध्यम से जमा किया जाना अनिवार्य है।**
- **जिन अभ्यर्थियो द्वारा प्रथम व द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग गे सिक्योरिटी जमा की गयी थी और उन्हें किसी भी सीट पर आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें पुनः सिक्योरिटी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**
- मॉप–अप राउण्ड से आवंटित अभ्यर्थियो की प्रवेश–प्रक्रिया नामित नोडल सेन्टर पर पूर्ण की जायेगी।
- मॉप–अप राउण्ड मे निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेन्टल कालेजो मे आवंटित अभ्यर्थियो को प्रवेश के समय शिक्षण शुल्क का बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 **(Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow** के पक्ष में देय हो, जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
- **निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेन्टल कालेजो मे आवंटित अभ्यर्थियो को प्रवेश के समय कालेज की सिक्योरिटी, हॉस्टल एवं विविध शुल्क नोडल सेन्टर पर उपस्थित निजी क्षेत्र के कालेज के प्रतिनिधि को जमा करायी जायेगी।**
- **यदि कोई अभ्यर्थी यू0पी0 नीट 2022 की प्रथम व द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग के माध्यम से बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम मे प्रवेशित है, तो ऐसे अभ्यर्थी सिक्योरिटी मनी रू0 2.00 लाख जमा करते हुए मॉप–अप राउण्ड मे प्रतिभाग कर सकते है। यदि अभ्यर्थी को एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम मे आवंटन प्राप्त हो जाता है तो पूर्व प्रवेशित बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की सीट रिक्त हो जायेगी और प्रवेश के समय अभ्यर्थी द्वारा अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रो के साथ संबंधित नोडल सेन्टर पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। (समान पाठ्यक्रम मे कालेज का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है।)**
- मॉप–अप राउन्ड की प्रवेश प्रकिया के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक, जाति प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में आवंटन/प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट https://upneet.gov.in & www.dgme.up.gov. पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

**महानिदेशक**

संख्या–एम0ई0–3 / यू0जी0–2022 / 2844 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4
4. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को वेबसाईट https://upneet.gov.in पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5. रजिस्ट्रार, के0जी0एम0यू0, लखनऊ / उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज / संस्थान / विश्वविद्यालय को इस आशय से कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करे।
6 **मेसर्स मलिक्स एडवरटाइजिंग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण के गोरखपुर तथा झाँसी, दैनिक हिन्दुस्तान के लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज तथा वाराणसी एवं अमर उजाला के लखनऊ, आगरा, मुरादाबाद, अलीगढ, मेरठ तथा बरेली के संस्करणों में दिनांक 06 दिसम्बर 2022 को सूक्ष्म अक्षरो, न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें। प्रकाशनोपरान्त प्रकाशित प्रतियों सहित बिल 02 प्रतियों में भुगतान हेतु इस कार्यालय में प्रस्तुत करे।**
7. आहरण–वितरण अधिकारी / कैशियर / नाजिर / विधि अनुभाग चिकित्सा शिक्षा।
8. सचिव, नेशनल मेडिकल कमीशन, नई दिल्ली
9. सम्बद्ध अधिकारी, चिकित्सा शिक्षा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना विभाग की वेबसाईट www.dgmeup.gov.in पर प्रदर्शित करने का कष्ट करे।
10. डा0 प्रभा वर्मा, सम्बद्ध अधिकारी / नोडल अधिकारी, सोशल मीडिया
11 शिविर सहायक, महानिदेशक महोदया के सूचनार्थ प्रेषित।

महानिदेशक
चिकित्सा शिक्षा